Need to enhance the amount of pension under EPS?95 ? laid

प्रो. रीता बहुगुणा जोशी (इलाहाबाद):मैं माननीय श्रम एवं रोजगार मंत्री जी का ध्यान वृद्ध EPS 95 पेंशनरों की मांग की ओर आकर्षित करना चाहूंगी ।

देश के 70 लाख औद्योगिक/सार्वजनिक/सहकारी निजी क्षेत्रों से सेवानिवृत्त EPS 95 पेंशनरों द्वारा अपने सेवाकाल में देश के नवनिर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है । परंतु आज वह दयनीय आर्थिक स्थिति से गुजर रहे हैं । अपने सेवाकाल के दौरान 470 रुपए, 541 रुपए तथा 1250 रुपए प्रतिमाह पेंशन फंड में जमा कराने के बाद भी वर्तमान में उन्हें अधिकतम 1171 रुपए मिलते हैं । इससे उनके रोजमर्रा के कार्य भी पूरे नहीं हो पा रहे हैं । माननीय सर्वोच्च न्यायालय के दिनांक 4.10.2016 एवं 04.011.2022 के आपेक्ष में इनके पेंशन पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का आग्रह करती हूं । मेरा यह अनुरोध है कि EPS -95 के पेंशनरों को इनके मांगानुसार न्यूनतम 7500 रूपए (महंगाई भत्ते के साथ) प्रदान किया जाए तथा इन लाभार्थियों के पति पत्नी को मुफ्त चिकित्सा सुविधा भी दी जाए ।